अपने स्कूल के भविष्य को संवारने में मदद करें

स्कूल योजना और रिपोर्ट करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी

Hindi

अपनी आवाज़ और अनुभव के योगदान से, आप अपने स्कूल को एक ऐसी जगह बनाने में मदद कर सकते हैं जहाँ सभी बच्चे और युवा फल-फूल सकें।

स्कूल योजना और रिपोर्टिंग क्यों महत्वपूर्ण है?

भविष्य की योजना बनाने के लिए स्कूलों को आपके साथ, उनके समुदाय के साथ, मिलकर काम करने की जरूरत है।

यह बच्चों और युवाओं, माता-पिता, परिवार और व्यापक समुदाय समेत सभी को स्कूल के लिए ऐसे लक्ष्य स्थापित करने की अनुमति देता है जो सभी विद्यार्थियों की जरूरतों को प्रतिबिंबित करते हैं और उन्हे सफल होने में सहायता करते हैं।

आपकी आवाज (सुझाव) सभी विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ स्कूल अनुभव प्रदान करने के लिए सुधार करने में स्कूलों की मदद करती है।

स्कूलों को क्या करना चाहिए?

स्कूलों को आपसे जो कुछ सुनने को मिला है और उनके आँकड़े (जैसे कि उपलब्धि आँकड़े) उन्हें क्या बता रहे हैं, उसके आधार पर दीर्घकालिक और वार्षिक योजनाएँ बनाने की आवश्यकता है।

स्कूल की योजनाओं में स्कूल बोर्डों के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए लक्ष्य शामिल करना आवश्यक है। बोर्ड को निम्न सुनिश्चित करना चाहिए:

- स्कूल का प्रत्येक छात्र अपना उच्चतम शैक्षिक स्तर प्राप्त कर सके
- स्कूल ऐसे कदम उठाए जो छात्रों की स्कूल में उपस्थिति सुनिश्चित करे
- स्कूल छात्रों की प्रगति और उपलब्धि की निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए अच्छे दर्जे की मूल्यांकन और एरोमाटावाई (मूल्यांकन का माओरी तरीका) जानकारी का उपयोग करता है
- स्कूल शारीरिक और भावनात्मक रूप से सुरक्षित स्थान है जो यह सुनिश्चित करता है कि छात्रों के मानवाधिकारों को बरकरार रखा जाए और नस्लवाद, लांछन, धमकाने और भेदभाव के अन्य रूपों को खत्म करने के लिए कदम उठाता है।
- स्कूल विभिन्न आवश्यकताओं वाले छात्रों को सम्मिलित करता है और उनकी जरूरतों को पूरा करता है
- स्कूल माओरी छात्रों के लिए समान परिणाम प्राप्त करने के लिए काम करता है
- स्कूल छात्रों को ते रेओ माओरी में पढ़ाए जाने के लिए उचित कदम उठाता है
- स्कूल यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाता है कि स्कूल की नीतियां और कार्य न्यूजीलैंड की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हैं।

मुझे अपने स्कूल से क्या उम्मीद करनी चाहिए?

आपको अपने स्कूल से अपेक्षा करनी चाहिए कि:

- वह आपसे इस बारे में बात करना चाहे कि क्या काम कर रहा है, क्या नहीं, और आपके बच्चे के लिए क्या महत्वपूर्ण है। इससे आपके विद्यालय को यह निर्धारित करने में मदद मिलेगी कि उनके लक्ष्य क्या होने चाहिए।
- सुनिश्चित करें कि सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों के पास उनकी योजनाओं की प्रतियां हों जो इस तरह से लिखी गई हों कि उन्हें आसानी से समझा जा सके (इन्हें ऑनलाइन प्रकाशित किया जाना चाहिए)।
- प्रत्येक वर्ष आपको रिपोर्ट दें कि वे कैसे प्रगति कर रहे हैं, जिसमें विद्यार्थियों की प्रगति और भलाई में उनके द्वारा लाए जा रहे अंतर भी शामिल हैं।

मुझे और जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

उनकी योजना प्रक्रियाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने स्कूल से बात करें।

क्यूआर कोड को स्कैन करके या नीचे दी गई वेबसाइट पर जाकर आप शिक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर योजना बनाने और रिपोर्ट करने के लिए स्कूलों को क्या करना है, इसके बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

https://www.education.govt.nz/education-professionals/schools-year-0-13/administration-and-management/school-planning-and-reporting-framework